भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कार्यक्रमों की बनी रणनीति

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04अप्रैल। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं स्थापना दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं श्योपुर जिला प्रभारी कमल माखीजानी, भाजपा के वरिष्ठ नेता विर्जेंद्र सिंह जादोन एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौर उपस्थित रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने की एवं उन्होंने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नवीन कुशवाह द्वारा किया गया, जबकि अंत में आभार व्यक्त मनोज राठौर ने किया।

इस अवसर पर मंडल के सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

महारास ही परमात्मा से मिलन की लीला : संबल तीर्थ महाराज

श्री कृष्ण रुक्मणी का विवाह हुआ संपन्न

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04 अप्रैल। मोती महल परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत भागवत कथा के षष्टम दिवस की कथा में संत समर तीर्थ महाराज ने महाराष्ट्र का वर्णन करते हुए बताया रास अध्यायी के पांच अध्याय श्रीमद् भागवत कथा के प्राण हैं इन पांच अध्यायों का प्रेम से गान करने पर भगवान की प्रेमा भक्ति प्राप्त होती है महारास में जीवात्मा और परमात्मा का मिलन होता है श्री कृष्ण का रसपान करने वाले को ही गोपी कहते हैं भगवान शिव स्वयं गोपी का भेष धारण करके महारास में आते हैं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने बताया की जिसके जीवन में विवाह की समस्या आ रही हो किसी कन्या का विवाह में विलंब हो रहा हो तो है आज भी रुक्मणी की तरह पत्र लिखकर द्वारकाधीश के चरणों में अर्पित करें तो उसके विवाह की समस्याएं दूर हो जाती हैं भगवान का आगमन हुआ भगवान का विवाह हो रहा था इस बीच में ओलावृष्टि एवं तेज बारिश हुई इसी बीच में भगवान का विवाह एवं आरती संपन्न कराई गई आज पहली बार कथा के बीच में भगवान का विवाह बारिश और ओलो के बीच में हुआ सभी भक्तों ने भगवान की आरती उतारी इस कथा के मुख्य यजमान श्री सुरेश सोनी पुरुषोत्तम दास राजू भैया एवं समस्त भक्तों ने मिलकर भगवान की आरती उतारी कथा के विश्राम में मनीष कृष्ण शास्त्री जी ने बताया कि कल सुदामा चरित की कथा होगी एवं कथा का विश्राम होगा सभी भक्त अधिक से अधिक संख्या पधार कर भगवान की कृपा प्राप्त करें

महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

ग्वालियर। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया ने महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें ग्वालियर की बीना भारद्वाज को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। रीना बोरासी की टीम में कुल 66 पदाधिकारी नियुक्त की गई है।

उपाध्यक्ष: ज्योति सिंह - ग्वालियर, मनीषा रावत - ग्वालियर, शांति भालेश्वर - इंदौर, यासमीन शेरानी - रतलाम

महासचिव: आरती सिंह - सतना, गीता सिंह परिहार - सतना, हेमलता सिंह - सतना, रजनी वर्मा - कटनी, सौम्या रंधेलिया - कटनी, बीना भारद्वाज -ग्वालियर, मधु शर्मा - सिंगरौली, सुमन लता देहरिया - सिंगरौली, रचना शेरसिंह जाटव - शिवपुरी।

भगवान चित्रगुप्त प्रकट उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर, वृहद बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04अप्रैल। भगवान श्री चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर कायस्थ छात्रावास दौलतगंज में भगवान श्री चित्रगुप्त जी प्रकट उत्सव 2026 को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। जिसके लिए शुक्रवार 3 अप्रैल को एक वृहद बैठक का आयोजन भगवान श्री चित्रगुप्त सर्व देव मंदिर पर किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य उत्सव वैशाख शुक्ल सप्तमी 23 अप्रैल गुरुवार को मनाया जा रहा है, प्रकट उत्सव वाले दिन दोपहर 3 बजे से भगवान के श्रृंगार के साथ साथ सुंदरकांड, हवन पूजन करने के साथ-साथ अप्रैल के संपूर्ण माह में होने वाले जन्मोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ वाले कायस्थ बंधु बांधवों को सपत्नी शुभकामनाएं वैदिक विधि विधान से दी जाएगीं। 25 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताऐं मंदिर प्रांगण में होगी।

25 अप्रैल को शाम को 5 बजे भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसका रूट भगवान श्री चित्रगुप्त धाम सर्वदेव मंदिर कायस्थ छात्रावास दौलतगंज से प्रारंभ होकर बाड़ा होते हुए सराफा बाजार, डीडवाना ओली, राम मंदिर से वापस दौलतगंज कायस्थ छात्रावास पर समापन होगा। 26 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से बच्चों की विभिन्न विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होगीं। 26 अप्रैल को शाम को मंदिर परिसर में ही एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन 7 बजे से होगा। जिसमें शहर के जाने माने चित्रांश कवि भाग लेंगे। तदोपरांत 28 अप्रैल को शाम को 6 बजे से प्रत्येक वर्ष की भांति भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकट उत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से फूल बंगला, छप्पनभोग, भजन संध्या, कायस्थ रत्न सम्मान, मेधावी छात्र छात्र सम्मान एवं महाप्रसादी का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अभय चौधरी जी ने सभी कायस्थ बंधुओ से निवेदन किया है कि अप्रैल माह में अगर उनके जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ है तो वह भगवान श्री चित्रगुप्त सर्व देव मंदिर दौलतगंज में वर्षा श्रीवास्तव को फोन पर संपर्क या मंदिर में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते हैं। संस्था के सचिव अरुण कुलश्रेष्ठ ने सभी कायस्थ बंधुओ से विनम्र निवेदन किया है कि वर्ष 2024-25 में 10th और 12th में जिन छात्र-छात्राओं के अधिकतम प्रतिशत आए हैं वह अपनी मार्कशीट , पासपोर्ट साइज फोटो सहित भगवान श्री चित्रगुप्त धाम सर्वदेव मंदिर कायस्थ छात्रावास दौलतगंज में संपर्क करें ताकि उन्हें मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान में शामिल किया जा सके। भगवान श्री चित्रगुप्त देव प्रकटोत्सव समिति- 2026 के संयोजक श्याम श्रीवास्तव ने सभी कायस्थ बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण स्वरूप कुलश्रेष्ठ राकेश सक्सेना शशिकांत भटनागर रविन्द्र मोहन सक्सैना मुकेश भटनागर सुरेंद्र खरे अमित सक्सेना अमित श्रीवास्तव गौरव कुलश्रेष्ठ राजीव श्रीवास्तव वैभव श्रीवास्तव भूपेंद्र श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव दीपक श्रीवास्तव (नगर निगम) दीपक श्रीवास्तव (दैनिक भास्कर) आशीष श्रीवास्तव महेश सक्सेना आलोक सक्सेना अविनाश भटनागर सक्षम गुरुहा देवेंद्र श्रीवास्तव ऋषभ श्रीवास्तव सारिका श्रीवास्तव वर्षा श्रीवास्तव

भगवान परशुराम जयंती का आमंत्रण पत्र पूजन 12 को

कोर कमेटी की बैठक में दायित्व सौंपे

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04अप्रैल। सकल ब्राह्मण महासमिति के प्रधान कार्यालय ऊंट पुल पर कोर कमेटी की बैठक संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई जिसमें तय किया गया कि भगवान श्री परशुराम जयंती पर 20 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम पालकी शोभा यात्रा एवं चतुर्थ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए आमंत्रण पत्र पूजन 12 अप्रैल रविवार को सायंकाल 5 बजे सनातन धर्म मंदिर चक्रधर सभागार, लश्कर पर आयोजित होगा। पूर्व में जो 5 अप्रैल को सर्व समाज की बैठक होना थी उसे बरसात के कारण स्थगित कर 12 अप्रैल को सायंकाल 5 बजे किया जाएगा। जिसमें साधू संत महंतों के आशीर्वाद से वैदिक मंत्रोच्चारण से आमंत्रण पत्र पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य संयोजक सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, अध्यक्ष तीरथ मिश्रा, स्वागताध्यक्ष एच.बी. शर्मा, स्वागत मंत्री कृष्ण बिहारी दुबे, महिला स्वागताध्यक्ष श्रीमती सुधा दीक्षित, स्वागत मंत्री अंजू दीक्षित को मनोनीत किया गया। कलश यात्रा प्रभारी श्रीमती बीना भारद्वाज, संगीता शर्मा, रेनू शर्मा, श्रीमती रचना गौड,अनीता दीक्षित, शशि गोस्वामी, माया भारद्वाज, सुधा दीक्षित अंजू दीक्षित को दायित्व सोपा गया। दायित्व लेने वालों को अंगवस्त्र भेंट कर प्रकाश नारायण शर्मा, देवेन्द्र कुमार पाठक ने स्वागत किया। अध्यक्षीय आसन से डॉक्टर जयवीर भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम सभी समाजों के आराध्य हैं। सभी समाजों की भागीदारी का संकल्प दिलाया। संचालन प्रकाश नारायण शर्मा ने किया। आभार डॉ मुन्नालाल शर्मा एवं योगेंद्र दीक्षित ने माना। बैठक में एच. बी. शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार पाठक, अरविंद शर्मा, योगेंद्र दीक्षित डॉक्टर मुन्ना लाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान परशुराम जयंती भव्यता से मनाने का निर्णय लिया।

विश्व कल्याण के लिए सामूहिक श्री राम कथा महोत्सव का 19 से शंखनाद

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04अप्रैल। गालव ऋषि की तपोभूमि से विश्व कल्याण का शंखनाद के संकल्प के साथ ग्वालियर-चंबल संभाग में 101 सामूहिक श्री राम भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री रामराजेश्वरी सेवा संस्थान समिति द्वारा आयोजित यह विशाल धार्मिक अनुष्ठान न केवल सनातन धर्म के प्रचार का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में एकजुटता का संदेश भी देगा। संस्था की उपाध्यक्ष सरला शर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्वालियर-चंबल संभाग में विश्वेश्वर हनुमान की 251 फुट ऊंची महा-प्रतिमा की स्थापना और सनातन धाम मंदिर के निर्माण हेतु जन-जागृति लाना है। समिति पिछले 18 वर्षों से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय है और मध्य प्रदेश सरकार से पंजीकृत है। महोत्सव की शुरुआत के लिए प्रथम कथा स्थल महा त्यागी बाबा आश्रम, त्यागी नगर, मुरार, ग्वालियर होगा। संरक्षक महा त्यागी बाबा घनश्याम दास महाराज एवं माँ राजेश्वरी देवी होगी। आयोजकों के अनुसार, सामूहिक कथा का फल व्यक्तिगत कथा के समान ही मोक्ष प्रदायक होता है। जो श्रद्धालु आर्थिक या व्यवस्थात्मक कारणों से स्वयं कथा नहीं करा पाते, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएँ: यजमान बनने वाले भक्तों को विशेष लाभ और सम्मान प्रदान किया जाएगा,नाम-गोत्र के साथ सपत्नीक विशेष यज्ञ एवं बाधा निवारण अनुष्ठान। कथा स्थल पर 'राष्ट्र सेवक सनातन वीर सम्मान' प्रदान किया जाएगा। कथा स्थल पर 9 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा और कथा की उपरांत महिलाओं-युवाओं के लिए नि:शुल्क रोजगार प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया जाएगा।

बारिश और ओलावृष्टि के बाद निगम अलर्ट, आयुक्त संघ प्रिय ने दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04अप्रैल। शहर में हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि के बाद नगर निगम पूरी तरह सतर्क हो गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने स्थिति को देखते हुए निगम के सभी अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सभी क्षेत्राधिकारी, सहायक यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री (जनकार्य, जल प्रदाय एवं सीवर) को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की समस्या को तुरंत हल करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बारिश के बाद कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं रहनी चाहिए और सभी स्थानों से पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही यदि किसी क्षेत्र में नालियां जाम हैं, तो स्वास्थ्य विभाग तत्काल उनकी सफाई कराए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि यदि कहीं पेड़, झाड़ियां या अन्य अवरोध गिरने की सूचना मिलती है, तो उन्हें तुरंत हटाया जाए ताकि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो। नगर निगम द्वारा जारी इन निर्देशों के बाद सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, जिससे शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बरहादिया और बिलौआ का फूलमाला पहनाकर किया स्वागत

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 4 अप्रेल। कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त ग्वालियर शहर जिला अध्यक्ष केदार सिंह बरहादिया एवं ग्वालियर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिलौआ का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों का हार-फूलमाला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, समानता और कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है। केदार सिंह बरहादिया एवं राजेन्द्र सिंह बिलौआ के नेतृत्व में ग्वालियर जिले में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। आज जरूरत है कि हम संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाया जा सके। नवनियुक्त शहर जिला अध्यक्ष केदार बरहादिया एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बिलौआ ने अपने उद्बोधन में पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दलित, वंचित और शोषित समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। ग्वालियर शहर और गांव-गांव जाकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से जोड़ने का कार्य करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद तक न्याय और अधिकार पहुंचे तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक फैलाया जाए। कांग्रेस ही वह पार्टी है जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर सामाजिक न्याय को वास्तविकता में बदलने का काम करती है। हम पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करेंगे और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। कार्यक्रम में वीर सिंह तोमर, रामनरेश परमार, महेश मधुरिया, जसंवत शेजवार, मिक्की तोमर, संतोष शर्मा, आशुतोष शर्मा, मनीश यादव, जितेन्द्र खेमरिया, डॉ. एन.के. सिसोदिया, राकेश बाथम, संजीव दीक्षित, मुन्नेश सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

बसपा नेता राजेन्द्र लोधी ने थामा कांग्रेस का हाथ

अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने सभी को कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 4 अप्रेल। बहुजन समाज पार्टी के वार्ड क्रमांक 63 के सक्रिय एवं प्रभावशाली नेता राजेन्द्र लोधी ने अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी में संपन्न हुआ। राजेन्द्र लोधी ने अपने साथियों पृथ्वीराज सिंह, बॉबी लोधी, अवनीश लोधी, जय लोधी, निखिल लोधी, बादल लोधी, अभि लोधी, राज लोधी, दीपक किरार, आलोक सिंह लोधी सहित अन्य साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने सभी को कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर राजेन्द्र सिंह लोधी और उनकी टीम ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संघर्षपूर्ण नेतृत्व एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के विधायक साहब सिंह गुर्जर द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे की सभी कार्यकर्ताओ को साथ लेकर चलने एवं जनता के हितों के मुद्दो को प्रमुखता से उठाने की कार्यशैली से प्रभावित होकर एवं कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों, सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता एवं देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए चल रहे संघर्ष से प्रभावित होकर हम इस कांग्रेस परिवार में शामिल हुए हैं। कार्यक्रम में वीर सिंह तौमर, रामनरेश परमार, महेश मधुरिया, जसवंत शेजवार, मिक्की तौमर, संतोष शर्मा, आशुतोष शर्मा, मनीश यादव, जितेन्द्र खेमरिया, डॉ. एन.के. सिसोदिया, राकेश बाथम, संजीव दीक्षित, मुन्नेश सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

खोया-पाया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में बलिराम सिंह परिहार निवासी-ग्राम सांगोली, पोरसा जिला मुरैना वर्तमान निवासी रणधीर कॉलोनी गोले का मंदिर ग्वालियर सूचित करता हूं कि दिनांक 11-03-2026 को प्रातः 7:30 बजे मेरा आर्मी कलर का बैग मेरे घर से ही कहीं गुम हो गया है जिसमें मेरे पैसे, मार्कशीट, सार्टीफिकेट, डिग्री एव कॉलेज के अन्य डॉक्यूमेंट रखे हुए है जो बहुत तलाश करने पर भी नही मिला है जिस किसी को भी मेरा बैग मिले तो निम्न नम्बर सूचित करें

मोबा. 7723078591
6260169448

जागरूकता और सही डॉक्टर का चुनाव है जरूरी

गुप्त रोगों का सही समाधान

नवभारत न्यूज
ग्वाालियर,04अप्रैल। आज के आधुनिक जीवन में बदलती जीवनशैली, तनाव और गलत खानपान के कारण गुप्त रोगों की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। लेकिन शर्म या झिझक के कारण अधिकांश लोग समय पर सही उपचार नहीं ले पाते, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है। ऐसे में जरूरी है कि इन विषयों पर खुलकर बात की जाए और सही मार्गदर्शन लिया जाए। विशेषज्ञों के अनुसार, गुप्त रोगों का पूर्ण समाधान केवल दवाइयों से संभव नहीं है। इसके लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ दिनचर्या भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही जीवनशैली अपनाने से न केवल बीमारी का इलाज होता है, बल्कि शरीर की समग्र सेहत भी बेहतर होती है। गुप्त रोगों के उपचार में सबसे महत्वपूर्ण है सही डॉक्टर का चयन। एक अनुभवी और योग्य चिकित्सक ही समस्या की जड़ तक पहुंचकर उचित सलाह और उपचार दे सकता है। गलत या अधूरी जानकारी से इलाज करने पर स्थिति और बिगड़ सकती है। इसी संदर्भ में डॉक्टर कुमार क्लिनिक पर मरीजों को न केवल उचित दवा दी जाती है, बल्कि उनके खानपान और दिनचर्या पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां मरीजों को व्यक्तिगत रूप से समझकर उनकी समस्या के अनुसार समाधान किया जाता है। डॉक्टर कुमार का मानना है कि 'हर समस्या का समाधान होता है', लेकिन इसके लिए सही समय पर सही सलाह मिलना बेहद जरूरी है। इसलिए किसी भी प्रकार की गुप्त समस्या को नजरअंदाज न करें और बिना झिझक विशेषज्ञ से संपर्क करें।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ . केशव पाण्डेय होंगे दिल्ली में सम्मानित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,04अप्रैल। रविवार 5 अप्रैल को नई दिल्ली में संविधान क्लब के डिप्टी स्पीकर हॉल में महाराष्ट्र की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था एम्स परिवार द्वारा नेशनल ''सेलिब्रेशन ऑफ डेमोक्रेसी'' थीम के साथ नेशनल लीडरशिप व एक्सीलेंस अवार्ड 2026 का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में देशभर से जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियो व समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने विशिष्ठ व्यक्तियो को सम्मानित किया जायेगा। जिसमें ग्वालियर शहर के वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी डॉ केशव पाण्डेय को समाजसेवा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने व जनहित के लिए किए गए सराहनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया जाएगा।

5 अप्रैल शाम 5 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परमवीर चक्र सम्मानित योगेन्द्र सिंह यादव, मुख्य वक्ता रवि शंकर जी, विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजसेवी दीपिका रेडडी, सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व सांसद तेलंगाना बीबी पाटिल व वक्ता के रूप में टैक्स ऑफिसर संजय मिश्रा के साथ संस्था के अध्यक्ष गुरूप्रसाद हुडेनकर, व सचिव डॉ राजीव डोंगरे के साथ विशिष्टजन मौजूद रहेंगे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिमला रावत पत्नी श्री संजय रावत के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 06, पटवारी हल्का क्र. 56, श्रीराम कॉलोनी, ग्राम एवं तहसील डबरा व जिला ग्वालियर के सर्वे क्र. 1809/2, की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- भूमि मास्टर, पश्चिम में- रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में- भूमि विक्रेता, दक्षिण में- भूमि प्रिया गोयल व कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमती पुक्खो बाई पत्नी स्व. श्री मथुरा प्रसादप्रसाद, श्रीमान राधेश्याम पुत्र स्व. श्री मथुरा प्रसाद एवं श्रीमान हरनाम सिंह पुत्र श्री घमंडी के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात, केवल श्रीमती पुक्खो बाई पत्नी स्व. श्री मथुरा प्रसाद द्वारा श्रीमती शिमला रावत पत्नी श्री संजय रावत को ई- रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP21IGR17392025A101044138 व दिनांक 18.11.2025 से विक्रय की गई। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो।
इति दिनांक 04.04.2026

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (अधिवक्ता)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की 3 दुकाने जिनका क्रमांक : एस-102, जी-101, एवं जी-103 स्थित सिटी बाजार थाटीपुर ग्वालियर में है जिसका नगर निगम वार्ड क्रमांक-22 है प्रत्येक दुकान का क्षेत्रफल 13.94 वर्गमीटर होकर कुल क्षेत्रफल 41.82 वर्गमीटर है जिसमें मेरा पक्षकार सुन्दरम ज्वैलर्स के नाम से अपनी दुकान संचालित कर रहा है। विनोद कुमार सर्राफ एवं श्रीमती नेहा सर्राफ उक्त तीनों दुकानों को फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अन्य किसी को विक्रय करने के प्रयास में है जिस कारण मेरे पक्षकार द्वारा एक वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का प्रकरण न्यायालय एकादशम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला ग्वालियर में प्रस्तुत कर दियाा है जिसका प्रकरण क्रमांक : 271/2026 है उक्त विनोद कुमार सर्राफ एवं श्रीमती नेहा सर्राफ मेरे पक्षकारं की दुकानो से बेदखल करने के प्रयास में है जिसकी शिकायत मेरे पक्षकार द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर एवं संबंधित पुलिस थाना में की गयी है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विनोद कुमार सर्राफ एवं श्रीमती नेहा सर्राफ मेरे पक्षकारों की दुकानों के सम्बन्ध में किसी भी तरह का संव्यवहार न करें और न अन्य कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय, उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी भी तरह का संव्यवहार विनोद कुमार सर्राफ एवं श्रीमती नेहा सर्राफ से न करें अन्यथा उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।
दिनांक : 4/04/2026

प्रेषक
लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार पुत्र स्व. सीताराम स्वर्णकार
निवासी : 7. मधुवन कॉलोनी, थाटीपुर चौराहा ग्वालियर
द्वारा
अभिभाषक अबध शर्मा एडव्होकेट
कार्यालय-महावीर भवन के सामने, कृष्णा मार्केट कम्पू रोड लश्कर ग्वालियर, मोबा : 9329303051

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा देवी पत्नी श्री नेतराम प्रजापति ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट नंबर C-47, वार्ड नंबर 45, चम्बल वार्ड, ग्राम महाराजपुर तहसील मुरैना नगर एवं जिला मुरैना मध्यप्रदेश के सर्वे क्र. 1121/2 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- रास्ता 25 फुट चौड़ा, पश्चिम में- बाउंड्री वॉल, उत्तर में- प्लॉट नंबर C-46, दक्षिण में- प्लॉट नंबर C-48 व कुल क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान अमन पुत्र श्री अतर सिंह के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान सियाराम, धनीराम, दलीप सिंह व लक्ष्मण सिंह पुत्रगण श्री बैजनाथ सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात, उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान सियाराम पुत्र श्री बैजनाथ सिंह जर्ये मुख्तयार आम श्रीमान कमल सिंह परमार पुत्र श्री एवरन सिंह परमार द्वारा श्रीमान अमन पुत्र श्री अतर सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792023A11942864 व दिनांक 06-06-2023 से विक्रय की गई। तदानुसार उक्त संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो।
इति दिनांक 04.04.2026

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (अधिवक्ता)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान श्रीमती विमलेश पत्नी स्व. श्री हीरालाल, शिवराम, भूवनेश शर्मा पुत्रगण स्व. श्री हीरालाल ने उक्त अचल कोमोशियल सम्पत्ति स्थित रिसाला बाजार, घासमण्डी नगर मुरार ग्वालियर में है। जिसका म्यु. भवन क्र. 305 वार्ड क. 26 है, जो मेरे पक्षकारान दादाजी व दादा ससुर उदयराज पुत्र श्री ब्रजलाल की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 654 ग्रन्थ नं. 905 तारीखी 02.03.1967 में श्रीमती रोनाबाई पत्नी स्व. श्री रघुवरदयाल वगैहरा के द्वारा सम्पादित किया। मेरे पक्षकारान के दादाजी व दादा ससुर उदयराज पुत्र श्री ब्रजलाल की हो गई और उसके बाद मेरे पक्षकारान के पिताजी व पति की भी मृत्यु तारीखी 02.10.2004 मे हो गई और मेरे पक्षकारान श्रीमती विमलेश पत्नी स्व. श्री हीरालाल, शिवराम, भूवनेश शर्मा पुत्रगण स्व. श्री हीरालाल वारिसान की हैसियत से उक्त अचल कोमोशियल सम्पत्ति के मालिक व काबिज है । मेरे पक्षकारान के दादाजी व दादा ससुर उदयराज पुत्र श्री ब्रजलाल की क्रयशुदा सम्पत्ति की चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में मकान कल्ला कोरी पश्चिम मे -रास्ता उत्तर मे मकान कल्ला कोरी दक्षिण में मकान अग्रवाल पंचायती जिसका कुल क्षेत्रफल 253 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकारान श्रीमती विमलेश पत्नी स्व. श्री हीरालाल, शिवराम, भूवनेश शर्मा पुत्रगण स्व. श्री हीरालाल वारिसान की हैसियत से उक्त अचल कोमोशियल सम्पत्ति के मालिक व काबिज होने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या परिवार के किसी भी सस्दय को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरे पक्षकारान अचल कोमोशियल सम्पत्ति का कुल क्षेत्रफल 253 वर्गफुट को बंधक रखकर हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेंन्टर ग्वालियर से आवटित करा रहे है। जो सुचित हो ।
दिनांक 04.04.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिका संत्तर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954